हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें

Web:- www.jokhimnews.com

सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 16 अंक : 325 देहरादून बुधवार 18 फरवरी 2026 मूल्य :रू 2 पृष्ठ : 8

## मातृशक्ति के योगदान से समाज और राष्ट्र सशक्त: सीएम धामी

देहरादून संवाददाता. राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, पटेल नगर, देहरादून में विश्वमांगल्य सभा के तत्वाधान में आयोजित 'मातृ संस्कार समागम' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशभर से आई मातृशक्ति का अभिनंदन करते हुए उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। मुख्यमंत्री धामी ने अपने बचपन और निजी जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनका जीवन किसी विशेष सुविधा से नहीं, बल्कि संघर्ष, अनुशासन और संस्कारों की पूंजी से बना है। साधारण परिवार में पले-बढ़े होने के कारण उन्होंने मेहनत, ईमानदारी और आत्मनिर्भरता का महत्व प्रारंभ से ही समझा। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बीच बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का संकल्प ही उनके व्यक्तित्व की असली ताकत बना। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऊँचा पद या प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि मजबूत चरित्र और स्पष्ट उद्देश्य ही व्यक्ति को महान बनाते हैं। सादगी, संयम और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना उनके निर्णयों का आधार रही है। धामी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में माता का स्थान सर्वोच्च है और मातृशक्ति परिवार की धुरी है। यदि परिवार सशक्त होगा तो समाज और राष्ट्र भी सशक्त होंगे। मुख्यमंत्री ने प्रभु श्रीराम एवं माता कौशल्या,



भगवान श्रीकृष्ण एवं माता यशोदा तथा छत्रपति शिवाजी महाराज एवं माता जीजाबाई के उदाहरण देते हुए कहा कि इन महान विभूतियों के व्यक्तित्व निर्माण में मातृसंस्कारों की निर्णायक भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि माता द्वारा दिए गए संस्कार ही व्यक्ति के चरित्र, विचार और व्यवहार की नींव रखते हैं। धामी ने आधुनिक जीवनशैली और पारिवारिक मूल्यों के बीच संतुलन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवारों का स्वरूप सीमित हुआ है और एकल परिवारों का प्रचलन बढ़ा है, जिससे संवाद और आत्मीयता प्रभावित हुई है। विवाह-विच्छेद की बढ़ती घटनाओं को उन्होंने सामाजिक बदलाव का संकेत बताया और 'कुटुंब प्रबोधन' की अवधारणा को समय की मांग कहा। कार्यक्रम में गीता धामी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक सेवा ही मानवीय जीवन का मूल है और जब सेवा परिवार की परंपरा बन जाती है तो उसका प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है। उन्होंने माताओं से आग्रह किया कि वे बच्चों को प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ संवेदना, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व का पाठ भी पढ़ाएँ। परिवार को उन्होंने पहली पाठशाला बताते हुए कहा कि माताएँ ही घर की सांस्कृतिक धुरी होती हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सप्त मातृ शक्ति सम्मान के तहत सात महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया।

### वन निगम में करोड़ों के घपले का आरोप

देहरादून संवाददाता. उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संघ ने निगम में लगभग 20 से 25 करोड़ रुपये के विभिन्न घोटालों का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संघ ने छोटे कर्मचारियों के उत्पीड़न और बड़े अधिकारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष टीएस बिष्ट ने मंगलवार को प्रेसक्लब में पत्रकार को जानकारी देते हुए कहा की राज्य गठन के समय परिसंपत्ति समायोजन में करीब 2.18 करोड़ रुपये की अनियमितता सामने आई। उन्होंने आरोप लगाया कि इसमें वसूली के बजाय ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

## सहकारिता के जरिये ग्रामीण विकास पर अहम फोकस: डॉ० धन सिंह

**-गुजरात में आयोजित सहकारिता मंथन में नवाचारी योजनाओं की दी जानकारी**

**- मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना व मिलेश मिशन की जमकर हुई सराहना**

देहरादून संवाददाता.गुजरात में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित सहकारिता मंत्रियों के मंथन बैठक में मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना, मिलेट्स मिशन योजना तथा दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना की जमकर सराहना की गई। साथ ही इन योजनाओं को मॉडल के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर अपनाये जाने पर भी विचार किया गया, ताकि राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के तहत किसानों की आय में वृद्धि, पशुधन अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, ग्रामीण आजीविका सहित पोषण योजनाओं को प्रोत्साहन मिल सके। सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ० धन सिंह



रावत ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में सहकारिता मंत्रियों की उच्चस्तरीय मंथन बैठक में 'सहकार से समृद्धि' को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों की मंथन किया गया। इस महामंथन में राज्य सरकार द्वारा सरकारिता के क्षेत्र में संचालित विभिन्न नवाचारी योजनाओं का प्रस्तुतिकरण दिया गया।

### संक्षिप्त समाचार...

**सीएम धामी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित मैराथन का फ्लैग ऑफ किया**

देहरादून संवाददाता.मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कैंट रोड, देहरादून से सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित 5 किलोमीटर दौड़ का फ्लैग ऑफ किया। विभिन्न आयु वर्गों के बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने इस दौड़ में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करना एवं पर्यावरण की रक्षा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सड़क सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर विधायक खजान दास, सविता कपूर एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

**शेफाली,अनुष्का और शीतल का इंडियन वूमेन ब्लाइंड फुटबॉल टीम में चयन**

देहरादून संवाददाता.खिलाड़ी शेफाली रावत,अनुष्का दूबे और शीतल कुमारी का इंडियन वूमेन ब्लाइंड फुटबॉल टीम में चयन हुआ है। एक बार फिर से उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने कमाल दिखाया और इंडियन टीम में अपनी जगह सुनिश्चित की। शेफाली रावत और शीतल कुमारी इससे पहले भी भारतीय टीम में खेल चुकी हैं। अनुष्का दूबे ने इस बार पहली बार टीम में जगह बनाई है। फिलहाल शीतल और अनुष्का ग्वालियर मध्य प्रदेश स्थित सीडीएस में कोच सुजीत पीएस के साथ ट्रेनिंग कर रहीं हैं। शेफाली रावत कोच नरेश सिंह नयाल के साथ राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान देहरादून में ट्रेनिंग करती हैं।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# सम्पादकीय

## अजित डोवाल को भी श्रेय

**हिसाब से बातचीत वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल की टीम कर रही थी लेकिन श्रेय ःसबसे ऊपर क्षे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को है तो उनके साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल को भी श्रेय दिया जा रहा है। गोयल ने समझौते की जानकारी देने के लिए जब पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की तो उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ अपनी दोस्ती का फायदा उठा कर भारत के लिए एक बहुत लाभकारी समझौता कराया है। सोचें, 140 करोड़ लोगों के देश की क्या हैसियत है, जब उसके प्रधानमंत्री को अपनी निजी दोस्ती के सहारे देश का काम कराना पड़ रहा है!गोयल के इस बयान के एक दिन बाद विदेशी मीडिया समूह ब्लूमबर्ग ने एक खबर दी, जिसे भारत में बड़े पैमाने पर प्रचारित किया गया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल पिछले साल सितंबर में अमेरिका के दौरे पर गए थे, जहां वे मार्को रूबियो से मिले। बताया गया है कि डोवाल ने रूबियो से कहा कि भारत किसी दबाव में समझौता नहीं करेगा। ब्लूमबर्ग की खबर के मुताबिक डोवाल ने कहा कि अगर जरुरत पड़ी तो भारत ट्रंप का कार्यकाल समाप्त होने तक इंतजार करेगा। खबर में यह भी बताया गया कि उससे ठीक पहले प्रधानमंत्री मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी। खबर के मुताबिक इससे अमेरिका दबाव में था और डोवाल की बातों ने ट्रंप प्रशासन को मजबूर किया कि वह भारत से समझौता करे।अब चाहे ःसबसे ऊपर क्षे मोदी की ट्रंप से दोस्ती के कारण हुआ या एनएसए डोवाल के दबाव के कारण हुआ या भारत के 140 करोड़ लोगों के विशाल बाजार की वजह से हुआ लेकिन समझौता हुआ तो उसमें क्या प्रावधान है, क्या शर्तें हैं यह भी किसी को पता नहीं है? सब कह रहे हैं कि किसानों और पशुपालकों के हितों से कोई समझौता नहीं किया गया है। लेकिन उधर अमेरिका में एक के बाद एक मंत्रियों ने दावा किया है कि उनके कृषि उत्पादों के लिए भारत का बाजार खुल रहा है। सबसे पहले राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर ने कहा कि भारत में अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए बड़ा बाजार मिलेगा। इसके बाद अमेरिका की कृषि मंत्री ब्रुक रॉलिन्स ने भी कहा कि भारत का बड़ा बाजार अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए खुलेगा। भारत के बाजार में अपना माल बेचने के लिए अमेरिका में कृषि सेक्टर को और मजबूत करने की चर्चा शुरू हो गई है। इधर भारत में दूसरी ही बात कही जा रही है। इस बीच सूत्रों के हवाले से यह खबर भी आने लगी है कि भारत जेनेटिकली मोडिफायड फूड्स, सोयाबीन और गन्ना को छोड़ कर दूसरे उत्पादों के लिए कुछ ढील दे सकता है। प्रोसेस्ड फूड आइटम्स को भारत के बाजार में कम या जीरो शुल्क पर आने की मंजूरी मिल सकती है। ट्रंप का दो टूक कहना है कि भारत अब अमेरिकी सामान पर जीरो टैरिफ लगाएगा। ट्रंप बार बार कहते रहे हैं कि दुनिया भर के देश अमेरिका से अब तक कमाई करते रहे हैं और अमेरिका घाटा उठाता रहा है। अब यह नहीं चलेगा। सो, उन्होंने इसे बदल दिया है। अब अमेरिका विदेशी व्यापार से मुनाफा कमाएगा और अब तक जो देश मुनाफा कमा रहे थे वे नुकसान उठाएंगे। जाहिर है राष्ट्रपति ट्रंप ने अपना काम कर दिया है। वे भारत को नुकसान पहुंचवाएंगे जबकि अमेरिका मुनाफा कमाएगा! इसलिए फिर सवाल है प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार को पता है व्यापार सौदे में है क्या?**

## ताकाइची का वादा

प्रधानमंत्री साने ताकाइची इसे पसंद करती हैं कि उनकी तुलना ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर से की जाए। जिस तरह थैचर ने ब्रिटेन की दिशा बदल दी थी, कुछ वैसा ही करने का वादा ताकाइची ने किया है।लंबे समय बाद जापान में किसी नेता को दो तिहाई बहुमत मिला है। सत्ताधारी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) को ऐसी कामयाबी चार महीने पहले प्रधानमंत्री बनीं साने ताकाइची ने दिलाई। दरअसल, जितनी बड़ी जीत एलडीपी को इस बार मिली, उतना गुजरे 70 वर्षों में कभी नहीं हुआ। जापान में 1955 में नया संविधान लागू होने के बाद से एलडीपी 66 वर्ष सत्ता में रही है। सिर्फ दो बार ऐसे मौके आए, जब वह दो-दो वर्ष के लिए सत्ता से बाहर हुई। मगर पिछले डेढ़ दशक में पार्टी की लोकप्रियता लगातार गिरी थी। आर्थिक गतिरुद्धता, बढ़ती सामाजिक समस्याओं, और धुर दक्षिणपंथ के उदय के कारण हालिया चुनावों में उसे पूर्ण बहुमत से वंचित रहना पड़ा।इसीलिए रविवार को हुए चुनाव में उसे मिली बड़ी जीत ने दुनिया का ध्यान खींचा है।

# विश्व-रंग: फ्रिट्ज हाबर : रासायनिक युद्ध का जनक वैज्ञानिक

डॉ. सुधीर सक्सेना

वह कुलीन यहूदी परिवार में जन्मा था। पिता नगर के धनाढ्य और गणमान्य व्यक्ति थे। वह कुल चार भाई-बहन थे। वह कुशाग्र बुद्धि था और उसमें बचपन से ही कुछ नया और अलहदा कर गुजरने की तड़प थी। पिता चाहते थे कि बेटा उनके नक्शे-पा चले, लेकिन पूत के पाँव पालने में देख उन्होंने उसकी इच्छापूर्ति में बाधा नहीं डाली।

पूरा नाम फ्रिट्ज जैकब हाबर। जन्म हुआ 9 दिसंबर, सन 1868 को उत्तरी जर्मन परिसंघ के प्रूशिया साम्राज्य के सिलेसिया प्रांत में ब्रेस्लाऊ में व्यापारिक घराने में। हैबर-परिवार ब्रेस्लाऊ के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित परिवारों में एक था। पिता सिगफ्राइड और माँ पौला की दो ही संतानें थीं : पुत्र फ्रिट्ज और पुत्री एल्सी। पुत्र फ्रिट्ज बड़ा होकर सफल और विख्यात वैज्ञानिक बना। अपार शोहरत। अपार धन। वह गजब का कीमियागर था। फलतः उसे सन 1918 में रसायन-विज्ञान का नोबेल पुरस्कार मिला। हैबर-बॉश प्रक्रिया के लिए इस पुरस्कार मिला। उसे हैबर-बॉश प्रक्रिया के लिए इस पुरस्कार से नवाजा गया। यह प्रक्रिया रसायन-उद्योग में नाइट्रोजन और हाइड्रोजन गैस से अमोनिया के संश्लेषण में प्रयुक्त विधि है। मार्के की बात यह है कि हैबर ने अपने आविष्कार से फसलों और युद्ध का नक्शा बदल दिया। एक ओर जहां उसकी ईजाद से अन्न उत्पादन में कई गुना इजाफा हुआ, वहीं उसका आविष्कार युद्ध के मोर्चे पर फतह और अनगिन मौतों का बायस बना। उसकी वैज्ञानिक विरासत खेलों में विपुल उत्पादन से करोड़ों लोगों को भोजन मुहैया करने तक ही नहीं फैली है, बल्कि वह लाखों निर्दोषों और निरपराधों की गैस चौंबरों में मौत के जघन्य पाप तक फैली हुई है।फ्रिटज हाबर की जीवन गाथा में नेकी और बदी की चरम इच्छाओं के उजले और स्याह धागे आपस में भी संश्लिष्ट है। उसका वैवाहिक जीवन अशांति और अनहोनी से बिंधा रहा और उसका अंत एकाकीपन में वतन से दूर हुआ। यही नहीं, उसने लानतें झेलीं और तिरस्कार भी। वह हिटलर का प्रशंसक और भक्त था तथा स्वयं को गर्व से राष्ट्रवादी जर्मन कहता था। उसने यहूदी धर्म का परित्याग कर बपतिस्मा भी ले लिया था, लेकिन नाजियों ने उसे अपना नहीं माना। विवश होकर उसे जर्मनी छोड़ना पड़ा। यही नहीं, उसने घातक रसायनों के जरिये मौत का जो खतरनाक खेल ईजाद किया था, उसकी नृशंस और वीभत्स परिणति भयावह होलोकास्ट में हुई। नाजियों ने गैस चौंबरों के जरिये लाखों यहूदियों को निर्दयतापूर्वक मौत के घाट उतार दिया।विश्व इतिहास में चुनिंदा वैज्ञानिकों में शुमार फ्रिट्ज हाबर को केमिकल वारफेयर (रासायनिक युद्ध कर्म) के जनक के तौर पर याद किया जाता है। फ्रिट्ज के पिता का रंग-रोगन, दवा और रंगाई का कारखाना था और वह चाहते थे कि बेटा उनका कारोबार संभाले, लेकिन बेटा कीमियागर बनने को आतुर था। परिवार कर्मकांडी न होकर भी यहूदी था, लिहाजा जोहानियम स्कूल में प्राथमिक शिक्षा के बाद वह जिस सेंट एलिजाबेथ स्कूल में भर्ती हुआ, वहां प्रोटेस्टैंटों और यहूदियों के लिए पृथक कक्षाओं की व्यवस्था थी। परिवार व अन्य यहूदियों के विपरीत फ्रिट्ज स्वयं को सगर्व जर्मन दर्शाता था। वहां से निकलने पर पिता ने उसकी इच्छानुरूप उसे रसायन विज्ञान पढ़ने के लिए बर्लिन स्थित फ्रैड्रिख विल्हेम यूनिवर्सिटी में भेज दिया। पहले सेमिस्टर की हताशा उसे सन 1887 की ग्रीष्म में हाइडेलबर्ग विश्वविद्यालय ले गयी, जहां उसे राबर्ट बुन्सेन ने पढ़ाया। वहां से वह बर्लिन लौटकर टेक्नीशे होष्शूले शार्लोटेन्बर्ग में भर्ती हुआ। सन 1889 में सैन्य नोंदणी के बाद वह छठवीं फील्ट आर्टिलरी रेजीमेंट में एक वर्ष की वालंटियर सेवा में भर्ती हो गया। एक साल बाद वह शार्लोटेन्बर्ग लौटा और कार्ल लीबरमान का शिष्यत्व ग्रहण कर लिया। कार्ल के कार्बनिक रसायन के लेक्चरों के साथ-साथ वह रंगों की रसायन प्रौद्योगिकी पर आटो बिट्ट के लेक्चर भी अटेन्ड करता था। लीबरमैन द्वारा प्रदत्त विषय पर गहन शोध के फलस्वरूप उसे मई, 1891 में यूनिवर्सिटी ऑफ बर्लिन से डॉक्टरेट की उपाधि मिल गयी।इस तरह रसायनज्ञ होकर फ्रिट्ज घर लौट आया, किंतु घर में सब सुकर न था। पिता और उनके रिश्तों में खटास थी और इसकी खासी वजह थी। हुआ यह कि फ्रिट्ज के जन्म पर पौला को प्रसव में परेशानी हुई। फलतः तीन हफ्ते बाद उसने प्राण त्याग दिये। मातृहीन फ्रिट्ज को चाचियों ने पाला। फ्रिट्ज जब छह वर्ष का हुआ, उसके व्यथित पिता ने दूसरी शादी कर ली। हेडविग हैम्बरगर से उसे तीन बेटियां हुईं। फ्रिटज का जन्म और पत्नी की मौत का संदर्भ सिगफ्राईड कभी भुला नहीं सके। फ्रिट्ज ने विमाता और बहनों से किसी तरह पटरी बिठाये रखी। रिश्ते कैसे भी रहे हों, उसे पिता के रसूख का खूब लाभ मिला। उनकी बदौलत उसे बड़े कारखानों और आसवनी में काम का मौका मिला। पिता की मनुहार कर वह एक सेमेस्टर के लिए ज्यूरिख के पॉलीटेक्नीक कॉलेज में जार्ज लुंग के साथ अध्ययन हेतु भर्ती हो गया। वहां से लौटकर पिता के काम में हाथ बँटाने वह ब्रेस्लाऊ लौटा, लेकिन पिता-पुत्र के रिश्तों में बल पड़ते गये। पिता को पुत्र का प्राकृतिक के बजाय कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल का सुझाव फला, किंतु हैजे की महामारी पर थोक में कैल्शियम हाइपोक्लोराइट खरीदने से हुये नुकसान से पुत्र को पिता ने घर से रूख्सत कर दिया।

पिता से विच्छेद के बाद उसकी नयी पारी शुरू हुई। वह स्वयं को यहूदी कम, जर्मन अधिक मानता था। सन 1892-94 के दरम्यान वह जेना विश्वविद्यालय में लुडविग नॉर का सहायक रहा। इसी दरम्यान वह यहूदी से ईसाइयत के लूथर संप्रदाय में दीक्षित हुआ। मकसद था बेहतर करियर। लुडविग ने उसकी सिफारिश काल्सरूहे विश्वविद्यालय में कार्ल एंग्लर से की और कार्ल ने हैंस बुन्हे से, जिसने उसे अपना सहायक बना लिया। वहीं उसने हाइड्रोकार्बनों की पुनर्वास थीसिस प्रस्तुत की। इस पर उसे अध्ययन का दायित्व मिला और संस्थान ने रंगरेजी की प्रौद्योगिकी के अध्ययन हेतु उसे बाहर भेजा। विद्युत रासायनिकी के उच्च अध्ययन और शोध के लिये वह एक बार फिर बाहर गया। अध्ययन और अनुसंधान तथा ख्याति का यह क्रम चलता रहा। वह असोशियेट प्रोफेसर बना और ग्रांड ड्यूक फ्रेडरिख वॉन बाडेन ने उसे एक्स्ट्राऑर्डिनेरियस से विभूषित किया। जल्द ही वह कार्ल्सरूहे में भौतिक रसायन का प्रोफेसर बन गया। सन 1894 से सन 1911 के दरम्यान लगातार प्रयोगों के बाद उसने उच्च दाब और ताप से अमोनिया के उत्प्रेरकीय-निर्माण में सफलता अर्जित की, जिससे सन 1894 में प्रस्तुत ली शतेलिये के सिद्धांत पुष्टि हुई। अमोनिया के बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए उसने बास्फ के कार्ल बाश से भागीदारी की। नतीजा सार्थक रहा। औद्योगिक रसायन में हाबर-बॉश प्रक्रिया मील का पत्थर मानी गई। अब तक कृषि उत्पादन प्राकृतिक अमोनिया पर निर्भर था, कृत्रिम अमोनिया के उत्पादन ने उर्वरक-परिदृश्य को बदल दिया। अन्न उत्पादन में क्रांति हुई। अनुमान है कि इससे विश्व की आधी आबादी को भूख से निजात मिली। आज संश्लेषित नत्रजन-उर्वरकों का उत्पादन 100 मिलियन टन से ज्यादा है। विश्व की आधी से अधिक आबादी के लिए अन्न उत्पादन इन्हीं उर्वरकों पर अवलंबित है और यह हाबर-बॉश प्रक्रिया से संभव हो सका है। यह है हाबर के व्यक्तित्व का सकारात्मक पहलू, लेकिन उसके व्यक्तित्व का एक और विलोम पहलू भी है। इसी की बदौलत उसे रासायनिक युद्धकर्म का जनक कहा जाता है। फ्रिटज को प्रथम विश्वयुद्ध में क्लोरीन और जहरीला गैसों को आयुध के तौर पर इस्तेमाल का श्रेय जाता है। उसने पहले पहल वायु से गुरू (भारी) क्लोरीन का लाम पर उपयोग की पहल की। यप्रेस की दूसरी जंग में फ्रेंच और अल्जीरियाई सैनिकों ने खंदकों का अलंध्य मोर्चा बांध रखा था।

संक्षिप्त समाचार...

## हरिद्वार में पारा 28 डिग्री पहुंचा

हरिद्वार संवाददाता. धर्मनगरी में इस फरवरी में गर्मी का असर दिखाई देने लगा है। तेज धूप ने ठंड का अहसास कम कर दिया है। दिन का तापमान लगातार बढ़ रहा है। आईआईटी रुड़की कृषि मौसम वेधशाला के अनुसार, मंगलवार को अधिकतम तापमान 28 और न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह इस सीजन का अब तक का सर्वाधिक अधिकतम तापमान रहा। इससे पहले, सोमवार को अधिकतम तापमान 26.5 और न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस रहा था। इस प्रकार एक दिन में 1.5 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बीते 14 दिनों में अधिकतम तापमान में लगभग नौ डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। इससे पहले, तीन फरवरी को अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में मौसम साफ रहेगा, बारिश की संभावना नहीं है।

### रोड़ीबेलवाला क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चला

हरिद्वार संवाददाता. नगर निगम और कुंभ मेला प्रशासन की संयुक्त टीम ने मंगलवार को रोड़ीबेलवाला क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान करीब 80 से अधिक अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। अफसरों के अनुसार, अतिक्रमणकारियों को इससे पहले चेतावनी जारी की गई थी। लेकिन, दोबारा कब्जे की शिकायतें मिलने पर कार्रवाई की गई। अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती के अनुसार, भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगा, ताकि श्रद्धालुओं की आवाजाही में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने चेताया कि दोबारा अतिक्रमण पर सामान जब्त करने के साथ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, मुख्य सफाई निरीक्षक संजय शर्मा और वरिष्ठ लिपिक आदित्य तेश्वर सहित कई अफसर मौजूद रहे।

### ऋषिकुल आयुर्वेदिक कॉलेज में तीसरे दिन भी कक्षाओं का बहिष्कार

हरिद्वार संवाददाता. ऋषिकुल आयुर्वेदिक कॉलेज से बीएएमएस कर रहे विद्यार्थियों ने तीसरे दिन भी विभिन्न कक्षाओं का बहिष्कार किया। साथी की आत्महत्या से गमजदा छात्र-छात्राएं परीक्षा परिणाम में देरी से नाराज हैं। मंगलवार को उन्होंने आयुर्वेद विवि प्रशासन के खिलाफ धरना दिया। उनका कहना है कि समय पर परीक्षा परिणाम घोषित न होने से शैक्षणिक सत्र प्रभावित हो रहा है। कई बार आश्वासन के बावजूद स्थिति में सुध ार न होने से धैर्य जवाब दे रहा है। उन्होंने बीएएमएस छात्र यशपाल की आत्महत्या का मामला भी उठाया। उनका आरोप है कि परीक्षा परिणाम में देरी और शैक्षणिक दबाव के कारण ही यशपाल ने गंगा में कूदकर आत्महत्या की। बता दें कि यशपाल का शव मिलने के बाद से ही छात्र-छात्राओं ने कार्य बहिष्कार शुरू किया। वे इस मामले की निष्पक्ष जांच और परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित करने की मांग उठा रहे हैं।

### डीपीएस दौलतपुर-एसएमएयू इंटरनेशनल में एमओयू

हरिद्वार संवाददाता. सिडकुल मैन्युफेक्चरर्स एसोसिएशन उत्तराखंड (एसएमएयू) और अनुषा द एजुकेशनल सोसायटी के अंतर्गत संचालित डीपीएस दौलतपुर, कनखल के बीच एमओयू हुआ है। यह एमओयू विद्यार्थियों को कक्षा से निकलकर वास्तविक औद्योगिक दुनिया से जोड़ने की ठोस पहल है। इसके तहत छात्रों को औद्योगिक भ्रमण, विशेषज्ञों के व्याख्यान, कौशल विकास और करियर मार्गदर्शन सत्र कराए जाएंगे। 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' की दिशा में भी आपसी सहयोग किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक और व्यावसायिक ज्ञान का लाभ मिल सके। इस एमओयू पर एसएमएयू से हरिंद्र के. गर्ग और विकास गोयल, अनुषा द एजुकेशनल सोसायटी से अजय जैन और पीयूष जैन ने हस्ताक्षर किए।

### सड़क दुर्घटना में कर्मचारी की मौत, कार चालक फरार

हरिद्वार संवाददाता. हरिद्वार रोड पर बेकाबू कार की टक्कर से स्कूटर सवार युवक की मौत हो गई, जबकि कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, अल्मोड़ा स्थित सोमेश्वर क्षेत्र के बिल बाली बोन्थ निवासी दीपक गोस्वामी (39) वर्तमान में टिहरी विस्थापित शिवालिकनगर में रह रहे थे। वे पतंजलि के पास एक कंपनी में कार्यरत थे। सोमवार देर रात ड्यूटी के बाद वे स्कूटर से घर लौट रहे थे। हरिद्वार रोड पर बीएचईएल तिराहे के पास सामने से तेज गति से आ रही कार ने उनको टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दीपक को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस हादसे के बाद कार को मौके पर छोड़ चालक फरार हो गया। पुलिस ने कार कब्जे में लेकर बहादराबाद थाने में खड़ी करवा दी है। शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एआई भारत विस्तार" योजना का हुआ शुभारंभ, देहरादून से वर्चुअली जुड़े कृषि मंत्री गणेश जोशी

– कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का जताया आभार

देहरादून संवाददाता. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजस्थान से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के साथ "एआईभारत विस्तार योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी सर्किट हाउस, देहरादून से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में जुड़े। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "भारत विस्तार" योजना देशभर के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए आज राजस्थान के जयपुर से प्रारंभ की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इस योजना के माध्यम से कृषि एवं औद्यानिकी फसलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका महत्वपूर्ण है, जिससे किसानों को सटीक और समयबद्ध जानकारी प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर किसानों को एक ही स्थान पर फसलों की आवश्यकताओं, मंडीभाव, सिंचाई का समय, उन्नत बीज, फसल बीमा तथा अन्य कृषि संबंधी जानकारी उपलब्ध होगी। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि "एआईभारत विस्तार" के माध्यम से किसान भाई अपने मोबाइल से 155261 नंबर डायल कर फसलों से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इससे किसानों को घर बैठे विशेषज्ञ परामर्श और मार्गदर्शन उपलब्ध होगा। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्लेटफॉर्म खेती को समृद्ध, सशक्त और सरल बनाएगा तथा किसानों को एक क्लिक पर समाधान उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसानों की आय दोगुनी करने और विकसित भारत के संकल्प को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर निरंजन डोभाल, निदेशक उद्यान सुंदर लाल सेमवाल, महेंद्र पाल, नरेंद्र यादव, रतन कुमार सहित बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।



## दूर होगा जाम का झाम, 11 स्थानों पर जल्द मिलेगी पार्किंग सुविधा

### – आवास विभाग के अधीन विभिन्न पार्किंग प्रोजेक्ट पर तेजी से हो रहा है काम

देहरादून संवाददाता. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में आवास विभाग प्रदेश के बड़े शहरों, तीर्थ स्थलों और पर्यटन केंद्रों पर जाम की समस्या दूर करने के लिए पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के 11 स्थानों पर जल्द पार्किंग सुविधा उपलब्ध हो जाएगी, जिसमें 1082 वाहन पार्क हो सकेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ध ामी ने कार्यभार ग्रहण करते ही, आवास विभाग को, विकास प्राधिकरणों के जरिए बड़े शहरों, तीथार्टन और पयर्टन केंद्रों में युद्धस्तर पर पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे, इसके बाद विभिन्न विकास प्राधिकरणों के जरिए 195 स्थानों पर पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने के प्रस्ताव प्राप्त हुए, इसमें सरफेस पार्किंग से लेकर मल्टी लेबल पार्किंग और टनल पार्किंग के तक के विकल्प शामिल थे। इसी आधार पर आवास विभाग 114 जगह पार्किंग की डीपीआर को मंजूरी प्रदान कर चुका है, जिसके लिए बजट भी जारी हो चुका है। जिसमें से प्रथम चरण में 54 स्थानों पर कुल 3244 वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है, यानि इन स्थानों पर पार्किंग सेवा शुरु हो चुकी है।

### रिस्पना नदी किनारे बसे 116 परिवारों को नोटिस, आवंटित फ्लैट में होना होगा शिफ्ट

देहरादून संवाददाता. मसूरी देहरादून डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमडीडीए) ने रिस्पना नदी किनारे बसी काठ बंगला कॉलोनी के 116 परिवारों को तीनों दिनों के भीतर देहरादून नगर निगम द्वारा बनाए गए हाउसिंग फ्लैट्स में शिफ्ट होने का नोटिस जारी किया है। ताजा नोटिस मिलने के बाद कॉलोनी में रहने वाले लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। नोटिस रविवार को चस्पा किए गए हैं जिसमें कहा गया है कि परिवारों को बुध वार तक आवंटित फ्लैट में शिफ्ट होना होगा। नोटिस में ये भी जानकारी दी गई है कि गुरुवार को काठ बंगला में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

# चारधाम रूट पर दौडेंगी दो हजार बसें

ऋषिकेश संवाददाता.चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों को सुगम आवागमन के लिए संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति भी तैयारियों में जुट गई है। इस बार दस निजी परिवहन कंपनियों को मिलाकर रोटेशन बनाया गया है, जिसमें लगभग दो हजार बसें चारधाम रूट पर दौड़ेंगी। यात्रा रूटों पर बसों को दौड़ाने से पूर्व उनकी आवश्यक मरम्मत का कार्य भी तेजी से चल रहा है। यात्रा बस अड्डे में नई बसों के चेचिस पर भी मैकेनिक बॉडी बनाने के काम जुटे हैं। बसों के टायर, ब्रेक और इंजन को पूरी तरह से फिट किया जा रहा है, जिससे कि देश-दुनिया से चारधाम दर्शन के लिए पहुंचने वाले यात्रियों को सुरक्षित यात्रा कराई जा सके। संयुक्त रोटेशन में हरिद्वार की निजी कंपनी भी जुड़ने से समिति से जुड़े सदस्यों को इस साल की यात्रा में आर्थिक स्थिति बेहतर होने की उम्मीद भी जगी है। समिति में फिलहाल अध्यक्ष के तौर पर भास्करानंद भारद्वाज को अध्यक्ष चुना गया है, जबकि हर कंपनी से एक सदस्य को उपाध्यक्ष भी मनोनीत किया जाना है, जिसके लिए 26 फरवरी को बैठक प्रस्तावित की गई है। यह आयोजन ऋषिकेश में ही किया जाएगा, जिसके बाद समिति के उपाध्यक्षों की नामों की घोषणा भी होगी। समिति अध्यक्ष भास्करानंद ने बताया कि यात्रियों को सुरक्षित चारधाम यात्रा कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# गढ़वाल विवि में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन

श्रीनगर गढ़वाल संवाददाता. हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में मंगलवार को प्रतिष्ठित कंपनी ग्रांट थॉर्नटन इंडिया की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में एमबीए (फाइनेंस) के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी की देहरादून लोकेशन पर कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। जल्द ही चयन परिणाम घोषित किया जाएगा। यह प्लेसमेंट ड्राइव विवि के प्लेसमेंट सेल के चेयरपर्सन प्रो. आरके ढोडी(डीन, प्रबंधन संकाय एवं विभागाध्यक्ष, पर्यटन विभाग) ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को उद्योग जगत की वास्तविक आवश्यकताओं को समझने और आत्मविश्वास के साथ अपने करिअर की दिशा निर्धारित करने में सहायक होते हैं। कुलपति प्रो.श्रीप्रकाश सिंह ने अपने संदेश में कहा कि कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव विवि और उद्योग जगत के बीच सशक्त सेतु का कार्य करती हैं। इससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। ग्रांट थॉर्नटन की ओर से डायरेक्टर भास्कर, अनिल रावत, आशुतोष झा एवं सूरज रावत, विवि के प्रो. महेन्द्र बाबू, डॉ. ज्योति नेगी, डॉ. सत्यवीर मीणा, डॉ. जुनैद, डॉ. कुलदीप, डॉ. अनुराग गोयल, हिमांशु भंडारी तथा विजय प्रकाश प्रजापति सहित अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# सुविधा कम मुसीबत अधिक बना है डोबरा-लंबगांव मोटर मार्ग

नई टिहरी संवाददाता. प्रतापनगर क्षेत्र की लाइफ लाइन कहे जाने वाले डोबरा-लंबगांव मोटर मार्ग की सेहत सुधारने में लोनिवि प्रांतीय खंड बौराड़ी नाकाम साबित हो रहा है। डोबरा से लेकर मोटणा तक सड़क की सबसे अधिक खस्ताहाल स्थिति बनी है जो दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है। डोबरा से मोटणा तक आठ किमी सड़क पर जगह-जगह पुश्ते क्षतिग्रस्त है। जिला मुख्यालय से प्रतापनगर ब्लॉक क्षेत्र के दर्जनों गांवों को जोड़ने वाला डोबरा-चांठी-लंबगांव मोटर मार्ग क्षेत्र के लोगों को सुविधा कम मुसीबत अधिक बना हुआ है। इस मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों का आवागमन होता है लेकिन सड़क की स्थिति खस्ताहाल बनी हुई है। सबसे खराब स्थिति डोबरा से मोटणा के बीच आठ किमी परिधि में बनी हुई है। बीते अगस्त और सितंबर माह में आपदा से सड़क के जो पुश्ते क्षतिग्रस्त हुए थे उनकी मरम्मत तक नहीं हो पाई। डामरीकरण के अभाव में हर दो कदम पर बड़े-बडेध गड्ढे बन गए है। गड्ढों में दोपहिया वाहनों का संचालन मुश्किल से हो रहा है। दोपहिया वाहन सवारों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है। पुश्तों और गड्ढों की मरम्मत न होने से धूल मिट्टी इतनी उड़ रही है आगे पीछे चलने वाहन स्पष्ट नहीं दिखाई दे रहे है जिससे दुर्घटना का भय बना रहता है। स्थानीय लोग लंबे समय से सड़क मरम्मत की मांग करते आ रहे है लेकिन कार्यदायी संस्था लोनिवि प्रांतीय खंड बौराड़ी समस्या का समाधान नहीं कर पा रहा है। जिससे स्थानीय लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। डोबरा-लंबगांव मोटर मार्ग मरम्मत करने का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। जिसे स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। आपदा से क्षतिग्रस्त सड़क के पुश्तों पर मरम्मत कार्य चल रहा है।

## आधुनिकता के साथ भारतीय ज्ञान के संवर्द्धन को किया स्पष्ट

श्रीनगर गढ़वाल संवाददाता. हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के चौरास परिसर स्थित शैक्षणिक क्रियाकलाप केंद्र में एमएमटीटीसी के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम के दूसरे दिन भारतीय ज्ञान प्रणाली के दार्शनिक, शैक्षिक एवं व्यावहारिक आयामों पर केंद्रित सत्र संपन्न हुएए। पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा का एकीकरण विषय पर हुए दो अलग-अलग सत्रों में वक्ताओं ने आधुनिकता के साथ भारतीय ज्ञान के संवर्द्धन की अवधारणा को स्पष्ट किया। पतंजलि विवि के डॉ. प्रदीप कुमार साहू ने भारतीय दृष्टि और जीवन-दर्शन विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा का मूल उद्देश्य केवल सूचना या कौशल प्रदान करना नहीं, बल्कि मनुष्य के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करना है।

# अब टिहरी और रुद्रप्रयाग जिला न्यायालय में बम की खबर, पुलिस और एलआईयू की टीम ने खंगाला पूरा कोट

नई टिहरी संवाददाता. उत्तरकाशी और नैनीताल के बाद आज टिहरी और रुद्रप्रयाग जिला न्यायालय की आधिकारिक ई-मेल पर बम की सूचना मिलने से हड़कंप मच गया। खंगाला गया। पुलिस ने परिसर को खाली करवाकर बम निरोधक दस्ता और डॉग स्कवाड से निरीक्षण किया। पुलिस और एलआईयू की टीम न्यायालय पहुंची और हर कोना खंगाला। प्राथमिक जांच में कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जिससे पुलिस और कोर्ट न्यायविदों के साथ ही वकीलों ने राहत की सांस ली है। अभी भी पुलिस जांच में जुटी हुई है। नई टिहरी जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल मिश्रा और सीओ टिहरी महेश लखेड़ा ने बताया कि कोर्ट में बम रखने की मेल आई थी। जिस पूरे कोर्ट परिसर को देखा गया। कही कुछ नहीं मिला है। हालांकि हम नजर बनाए हुए हैं।उत्तरकाशी जिला न्यायालय में भी मिली थी बम की सूचना: बता दें, उत्तरकाशी जिला न्यायालय की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भी सोमवार को कोर्ट में बम और आरडीएक्स की सूचना के बाद परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूरे परिसर को खाली कराकर जांच की। मामले की गंभीरता को देखते हुए बम निरोधक दस्ता, एसटीएफ और खुफिया एजेंसी भी मौके पर पहुंच गई, हालांकि खबर लिखे जाने तक परिसर में कुछ संदिग्ध नहीं मिला। इस संबंध में पुलिस की ओर से मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, सोमवार सुबह जिला न्यायालय की ई-मेल आईडी पर एक धमकी भरा मेल आया। उसमें लिखा था कि कोर्ट परिसर में करीब 12 किलो आरडीएक्स बम लगाया गया है। इस पर कोर्ट में डर के साथ ही अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कोर्ट की ओर से तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद एसपी कमलेश उपाध्याय मय फोर्स मौके पर पहुंचीं। उन्होंने कोर्ट परिसर को खाली करवाया। साथ ही कोर्ट रोड पर भी वाहनों की आवाजाही को रोक दिया गया। भारी पुलिस बल के साथ अग्निशमन दस्ता तैनात किया गया। यही नहीं देहरादून से बम निरोधक दस्ते ने भी मौके पर पहुंचकर कोर्ट परिसर में खोजबीन शुरू कर दी जो देर शाम तक चलती रही। एसपी कमलेश उपाध्याय ने बताया कि जिला न्यायालय की ई-मेल आईडी पर बम होने की धमकी के बाद कोर्ट परिसर को खाली कराकर एसटीएफ और खुफिया एजेंसी जांच कर रही है। नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। यह मेल कहां से आई है, इसकी सघन जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## विराट हिंदू सम्मेलन में सभी वर्गों को एकजुटता का दिया संदेश

नई टिहरी संवाददाता. श्री कोटेश्वर सनातन सेवा समिति की ओर से चाका में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में वक्ताओं ने हिंदू समाज के सभी वर्गों से एकजुट होने की अपील की। सनातन धर्म विकास परिषद के अध्यक्ष नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज, संघ के सह प्रांत प्रचारक चंद्रशेखर ने सम्मेलन का शुभारंभ किया। रसिक महाराज ने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से लोगों को जागरूक कर संगठित करने का काम किया जा रहा है। संघ के सह प्रांत प्रचारक चंद्रशेखर ने कहा कि संघ के लोगों ने हमेशा हिंदुओं को जगाने के काम किया है। हिंदू समाज के लोग अपनी संस्कृति को छोड़कर विदेशी संस्कृति को ओर भाग रहे हैं, जिसके भविष्य में गंभीर परिणाम होंगे। इससे पूर्व सरस्वती शिशु मंदिर लवा-चाका के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस मौके पर कार्यक्रम के सचिव मंगेश उनियाल, भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष वीर सिंह रावत, धन सिंह सजवाण मौजूद थे।

## दिसंबर का राशन 20 फरवरी तक उठा दें

नई टिहरी संवाददाता. खाद्यान्न विभाग ने माह दिसंबर 2025 की राशन वितरण के लिए समय सीमा 20 फरवरी तक बढ़ा दी है जो राशनकार्ड धारक अभी तक दिसंबर का राशन नहीं ले पाए हैं उन्हें शीघ्र अपने हिस्से की राशन लेने को कहा गया है। इस दौरान कार्डधारकों से ई-केवाईसी कराने की अपील भी की गई है। जिला पूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल ने बताया कि शासन के निर्देश पर माह दिसंबर के राशन वितरण की समय सीमा 20 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। जबकि जनवरी और फरवरी के खाद्यान्न वितरण की अवधि 28 फरवरी तक ही रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी राशन कार्ड धारक सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकान से माह दिसंबर 2025 का खाद्यान्न 20 फरवरी तक और माह जनवरी-फरवरी का राशन 28 फरवरी तक बायोमीट्रिक के माध्यम से प्राप्त किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सस्ता राशन प्राप्त करते समय सभी कार्ड धारक राशन विक्रेता की दुकान पर रखी गई ई-पॉस मशीन से अपनी ई-केवाईसी भी अनिवार्य रूप से पूर्ण करा दें। राशन कार्ड की ई-केवाईसी नहीं होने पर कार्ड धारक को कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

## नशे के खिलाफ एकजुट हुए चंगोरा गांव के लोग

नई टिहरी संवाददाता. भिलंगना ब्लॉक की आरगढ़ पट्टी के चंगोरा गांव में सामाजिक सरोकारों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीणों ने गांव को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। ग्राम पंचायत चंगोरा में आयोजित बैठक में गांव में बढ़ती शराब और मादक पदार्थों की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान गौतम बिष्ट ने की। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से गांव में वैवाहिक कार्यक्रमों, मुंडन संस्कार और अन्य मांगलिक व सार्वजनिक आयोजनों में शराब परोसे जाने की परंपरा बढ़ी है जो सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित कर रही है। गांव का माहौल हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। यदि सामाजिक और पारिवारिक आयोजनों में शराब परोसना प्रतिष्ठा का विषय बना दिया जाएगा तो इसका दुष्प्रभाव आने वाली पीढ़ी पर पड़ेगा। कई बार ऐसे आयोजनों में शराब के कारण विवाद और असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। बैठक में मौजूद ग्रामीणों ने एक स्वर में निर्णय लिया कि भविष्य में गांव के किसी भी सामाजिक और पारिवारिक कार्यक्रम में शराब का उपयोग नहीं किया जाएगा। नशे के दुष्परिणामों के प्रति युवाओं और आमजन को जागरूक करने के लिए अभियान चलाने का भी संकल्प लिया गया। बैठक में बीडीसी सदस्य सरोजिनी देव, सुनील बिष्ट, अनीता देवी, केशर सिंह, राजेंद्र सिंह, सोबन सिंह, उजाली देवी, जयेंद्र सिंह, कीर्तिदास, देवेंद्र सिंह, सुंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

## लोकार्पण के बाद पार्क का गेट खोलना भूला जिला विकास प्राधिकरण

नई टिहरी संवाददाता. मुख्य बाजार में बना अमर शहीद श्रीदेव सुमन पार्क के पुर्न निर्माण पर दो करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च है। लोकार्पण हुए 15 दिन का समय बीते जाने के बाद पर्यटकों और आम जनता के लिए पार्क नहीं खुल पाया है। एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के वित्तीय सहयोग से कार्यदायी संस्था जिला विकास प्राधिकरण नरेंद्रनगर ने 203.91 लाख की लागत से बीते नवंबर माह में श्रीदेव सुमन पार्क का पुनर्निर्माण पूरा कर दिया था। पार्क में सेल्फी प्वाइंट, फाउंटेन फव्वारा, पर्यटकों के बैठने के लिए हॉट्स, लोहे के बेंच, घूमने के लिए फुटपाथ, फैंसी लाइटिंग, जमीन पर हरी घास लगाने के साथ कई अन्य कार्य किए गए है। बीते 30 जनवरी को टिहरी पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने अन्य योजनाओं के साथ श्रीदेव सुमन पार्क में हुए पुर्न निर्माण कार्यो का लोकार्पण किया लेकिन आधा फरवरी बीतेने के बाद भी पर्यटकों और आमजन के लिए पार्क नहीं खुल पाया। पार्क के गेट में लगा ताला लोगों को मुंह चिढ़ा रहा है। पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत का कहना कि श्रीदेव सुमन पार्क नगर पालिका की संपत्ति है। अभी तक पार्क को पालिका के हैंड ओवर भी नहीं किया गया है। पार्क के निर्माण पर दो करोड़ से अधिक धनराशि खर्च हुई है। कार्यों की थर्ड पार्टी जांच की जानी चाहिए। पार्क में लगी श्रीदेव सुमन की मूर्ति का अनावरण न होने के कारण पार्क बंद है।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# पत्रकार चंचल गोला को पितृ शोक, नही रहे ज्ञान विज्ञान के सम्पादक टीपी गोला

रामनगर संवाददाता. रामनगर के पत्रकार चंचल गोला के पिता व ज्ञान विज्ञान पत्रिका के सम्पादक एवं राशन डीलर टीका प्रसाद गोला (86 वर्ष) के आकस्मिक निधन पर मीडियाकर्मियो, राजनीतिक दलों व



सामाजिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुऐ दिवंगत आत्मा की शांति व शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने की कामना ईश्वर से की है। मोहल्ला बंबाघेर-मोतीमहल निवासी व वार्ड सभासद पारस गोला के ताऊ व राशन डीलर गंगा प्रसाद गोला के भ्राता स्व टीपी गोला एक सामाजिक कार्यकर्ता व काफी मिलनसार व्यवहार के मालिक थे तथा ज्ञान विज्ञान पत्रिका के जरिये नई-2 जानकारियां पाठकों तक पहुंचाते थे। उनके पुत्र चंचल गोला के अनुसार कुछ दिन पूर्व उन्हें हार्ट प्रॉब्लम हुई थी जिसका उपचार काशीपुर के निजी हॉस्पिटल में चल रहा था तथा उपचार के दौरान उन्होंने आज तड़के इस संसार को अलविदा कह दिया है। स्व टीपी गोला अपने पीछे अपने तीन पुत्रो नीरज गोला, चंचल गोला, पीयूष गोला के परिजनों को रोता बिखलता हुआ छोड़कर चले गये। स्व. टीपी गोला के निधन पर विनोद पपनै, हरीश भट्ट, डॉ. जफर सैफी, गणेश रावत, राजीव अग्रवाल, चंचल गोला, त्रिलोक रावत, जीवन कुमार, राजू वर्मा, अजीत प्रताप गोस्वामी, नाजिम सलमान, जुगेश अरोड़ा बंटी, चन्द्रसैन कश्यप, सलीम मलिक, आसिफ इकबाल, रोहित गोस्वामी, गिरीश पांडे, चन्द्रशेखर जोशी, नितेश जोशी, कैलाश सुयाल, नदीम वारसी, मौ. कैफ खान, विक्की कश्यप, खुशाल रावत, गोविंद पाटनी, अमित बेलबाल, दानिश खान, मौ. उस्मान, नसीम खान राजा, रागिब खान, नसीम खान राजा, नवीन पोखरियाल, अरबाज खान, गणेश गगन, रोहित भट्ट, सिद्धार्थ पपनै, शमीम दुर्रानी, उधम सिंह राठौर, शब्बू खान, नौशाद सिद्दीकी, फरीद कुरैशी, असलम सिद्दीकी, रूबीना सैफी, विमला अधिकारी, रोशनी पांडे, रूमाना परवीन, मंयक मैनाल, कार्तिक बिष्ट, नावेद सैफी आदि मीडियाकर्मियों सहित विधायक दीवान सिंह बिष्ट, नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम,भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व पालिकाध्यक्ष भागीरथ लाल चौधरी, पूर्व पालिकाध्यक्ष उर्मिला चौधरी,ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी,भाजपा नेता इंदर सिंह रावत, पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत,पूर्व ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत,भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत,युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट फैजुल हक,कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा,कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती,पूर्व राज्यमंत्री पुष्कर दुर्गापाल,युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी, छात्रसंघ अध्यक्ष किशन सिंह,छात्रसंघ उपाध्यक्ष मनोज पांडे,पूर्व राज्यमंत्री अमिता लोहनी, पूर्व सभासद रुबीना सैफी, डॉ.जफर सैफी, पूर्व सभासद भुवन डंगवाल, पूर्व सभासद मोहम्मद मुजाहिद,युवा कांग्रेस नेता अभिमन्यु डंगवाल, प्रधान हज्जन नरगिस,प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी,भाजपा नेता अनवर मलिक,राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी, सभासद सलमान सलमानी, सभासद सचिन कुमार, सभासद नवीन सुनेजा, सभासद राहुल रावत, सभासद प्रतिनिधि राजा सलमानी, सभासद सोनू करीम, सभासद मोहम्मद अजमल, सभासद नदीम अंसारी, सभासद तनुज दुर्गापाल, सभासद पारस गोला, सभासद खस्टी नंदन जोशी,सभासद प्रतिनिधि जफर इकबाल,सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद रिजवान, सभासद प्रतिनिधि दीप चंद्र, सभासद शिवि अग्रवाल,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री अजीज खान,भाजपा जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सैयद अली नकवी,युवा कांग्रेस नेता चांद खान,भाजपा नेता विपिन कांडपाल, भाजपा नेता नदीम अख्तर,कांग्रेस नेता ताईफ खान,भाजपा नेत्री आशा बिष्ट, संजय बिष्ट, भावना भट्ट, पूरन पांडे, गौरव गोला, डॉ सन्तोष कोटिया आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक

अल्मोड़ा संवाददाता. जनपद भ्रमण पर पहुंचे कुमाऊँ कमिश्नर दीपक रावत ने विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक ली और विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यो की प्रगति का विस्तृत आंकलन किया।बैठक में जिला योजना, राज्य योजना तथा केंद्र पोषित योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश



दिए गए।आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा तथा प्रत्येक विभाग लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करे।इस दौरान जनपद में संचालित निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समय-सीमा तथा वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। आयुक्त ने सड़क सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, लंबित सड़क परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने, तथा यातायात सुगमता के लिए प्रस्तावित पार्किंग निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्गों से संबंधित कार्यों की प्रगति पर भी विशेष ध्यान देते हुए संबंधित अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा गया।आयुक्त ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं की अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी घोषणाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। साथ ही प्राधिकरण से संबंधित विकास सम्बन्धी गतिविधियों की भी गहन समीक्षा की गई तथा जनहित को सर्वोपरि रखते हुए नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।आयुक्त ने कहा कि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग, स्थलीय निरीक्षण एवं विभागों के मध्य बेहतर समन्वय से ही अपेक्षित परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनसमस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें।बैठक में पुलिस विभाग द्वारा की जा रही गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने अपराध पर अंकुश लगाने तथा लोगों के लिए सुरक्षित और निर्भय वातावरण तैयार करने के लिए निर्देशित किया।

# अव्यवस्थित कार्यप्रणाली को लेकर नागरिकों का आक्रोश बढ़ता जा रहा

हल्द्वानी संवाददाता. पिछले करीब दो वर्षों से चल रहे सड़क निर्माण और जीर्णोद्धार कार्यों की धीमी गति तथा अव्यवस्थित कार्यप्रणाली को लेकर नागरिकों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी को लेकर हल्द्वानी के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने कांग्रेस नेता ललित जोशी के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट को



सामूहिक ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्यों में हो रही लापरवाही और अनियमितताओं पर नाराजगी जताई तथा जल्द समाधान की मांग की है।ज्ञापन में आरोप लगाया कि बाहरी ठेकेदार कंपनियों द्वारा बिना किसी तय योजना और समय-सीमा के शहर के अलग-अलग हिस्सों में सड़कें खोद दी जाती हैं, लेकिन लंबे समय तक उन्हें अधूरा छोड़ दिया जाता है। इससे नगर की अधिकांश सड़कें टूटी-फूटी अवस्था में पड़ी हैं, जिससे धूल-मिट्टी और जाम की समस्या लगातार बनी हुई है।ललित जोशी समेत स्थानीय लोगों का कहना है कि खराब सड़कों के कारण बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है, जबकि शादी-विवाह और सामाजिक आयोजनों के दौरान लोगों को आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# चंदन हॉस्पिटल में जिंदा मरीज को मृत घोषित किए जाने के गंभीर मामले के बाद माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण

हल्द्वानी संवाददाता. चंदन हॉस्पिटल में जिंदा मरीज को मृत घोषित किए जाने के गंभीर मामले के बाद मंगलवार को माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण हो गया। घटना से आक्रोशित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ठटच) और विभिन्न छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं ने अस्पताल पहुंचकर जोरदार हंगामा किया और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के कारण एक जीवित मरीज को रिकॉर्ड में मृत घोषित कर दिया गया, जो न केवल अमानवीय है बल्कि चिकित्सा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इस घटना से लोगों में भारी आक्रोश है और छात्र संगठनों ने दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की।हंगामे की सूचना




मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस की मौजूदगी के बावजूद छात्र अस्पताल परिसर में नारेबाजी करते रहे और जिम्मेदार डॉक्टरों एवं प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। उनका कहना है कि इस तरह की लापरवाही आम जनता की जान के साथ खिलवाड़ है और इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।फिलहाल पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाकर शांत करने का प्रयास किया है और मामले की जांच की बात कही है। वहीं इस पूरे घटनाक्रम के बाद अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है।

# अवैध शराब और मादक पदार्थों के संगठित कारोबार को लेकर जनाक्रोश तेज



लालकुआं संवाददाता./ क्षेत्र में अवैध शराब और मादक पदार्थों के संगठित कारोबार को लेकर जनाक्रोश तेज हो गया है। क्षेत्रीय जन समस्या निवारण संघर्ष समिति के नेतृत्व में समाजसेवियों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस प्रशासन को विस्तृत ज्ञापन सौंपा और सात दिन के भीतर प्रभावी, सार्वजनिक और निर्णायक कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने सवाल उठाया कि जब नशे का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है तो जिम्मेदार तंत्र की कार्रवाई केवल औपचारिक क्यों नजर आ रही है।

ज्ञापन में कहा गया है कि बिंदुखत्ता, हल्दुचौड़, मोटाहल्दू, बेरीपड़ाव, गौला गेट और देवरामपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब, स्मैक, चरस, गांजा और कच्ची शराब का संगठित नेटवर्क सक्रिय है। समिति का आरोप है कि युवाओं, छात्रों और बेरोजगार युवकों को योजनाबद्ध तरीके से नशे की गिरफ्त में धकेला जा रहा है, जिससे क्षेत्र की नई पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ गया है।

समिति ने यह भी कहा कि नशे के बढ़ते प्रचलन के कारण क्षेत्र में चोरी, झपटमारी, घरेलू हिंसा और अन्य आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हुई है। कई परिवार आर्थिक और सामाजिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। समिति का कहना है कि समय-समय पर पुलिस कार्रवाई के बावजूद अवैध कारोबार पूरी तरह समाप्त नहीं हो पा रहा है, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।संघर्ष समिति ने बीट व्यवस्था की समीक्षा की मांग करते हुए कहा कि कुछ क्षेत्रों में लंबे समय से एक ही कार्मिक तैनात हैं, जिससे पारदर्शिता और निष्पक्षता प्रभावित होती है। समिति ने ऐसे कार्मिकों का स्थानांतरण कर संवेदनशील क्षेत्रों में नई टीम तैनात करने और बीट क्षेत्र की नियमित समीक्षा रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है।ज्ञापन में प्रमुख रूप से अवैध नशे के खिलाफ विशेष संयुक्त अभियान शुरू करने, एनडीपीएस और आबकारी अधिनियम के तहत मुख्य सप्लायरों और संचालकों पर कड़ी कार्रवाई करने, संवेदनशील क्षेत्रों में सघन गश्त बढ़ाने, नशा शिकायतों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने तथा सात दिन के भीतर कार्रवाई की प्रगति रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग शामिल है। साथ ही विद्यालयों और महाविद्यालयों में नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया है।संघर्ष समिति के संयोजक पियूष जोशी ने कहा कि छिटपुट कार्रवाई से समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है और नशे के नेटवर्क की जड़ तक पहुंचकर कठोर कार्रवाई आवश्यक है। छात्र महासंघ अध्यक्ष आशीष बड़वाल ने लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात कर्मचारियों की भूमिका की समीक्षा कर जवाबदेही तय करने की मांग की। व्यापार मंडल अध्यक्ष संदीप पांडे ने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने और मोतीनगर क्षेत्र में शराब की दुकान को स्थायी रूप से बंद रखने की मांग उठाई। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है।

### सरामनगर तहसील दिवस में पहुंचे एडीएम,सुनी फरियादियों की समस्याएं शिविर में अधिकारियों को लगाई फटकार

रामनगर संवाददाता. तहसील सभागार रामनगर में आयोजित तहसील दिवस में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विवेक राय ने शिविर में मौजूद फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया।इस दौरान एडीएम प्रशासन विवेक राय ने बताया कि तहसील दिवस में दो दर्जन से अधिक फरियादियों ने अपनी समस्याओं को रखा।उन्होंने बताया कि अधिकांश



समस्याओं का मौके पर मौजूद अधिकारियों के सामने समाधान करते हुए अन्य समस्याओं का समाधान निर्धारित समय पर करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए।इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह शिविर इसलिए आयोजित किए जाते हैं कि जनता को अधिकारियों एवं कार्यालय के चक्कर न काटने पड़े लेकिन इसके बावजूद भी जो अधिकारी जनता के समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। इसके साथ ही उन्होंने एक फरियादी द्वारा सिंचाई नहर में कूड़ा डालने के दौरान नहर के पानी से उनकी गेहूं की फसल बर्बाद होने को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद सिंचाई विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए समस्या का समाधान करने के साथ ही चेतावनी दी कि यदि इस प्रकार की लापरवाही फिर से हुई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। तहसील दिवस में बिजली,सड़क,पानी और अवैध नशे का कारोबार बंद करने एवं शिक्षा व स्वास्थ्य की समस्याएं प्रमुख रूप से रखी गई।

### जागेश्वर में क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज, उद्घाटन मुकाबला शौकियाथल के नाम

अल्मोड़ा संवाददाता. जागेश्वर धाम में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हो गया है। उद्घाटन मुकाबले में तूफानी क्लब शौकियाथल ने आरतोला को तीन विकेट से हराकर अगले चरण में प्रवेश किया। मुकाबले के दौरान दर्शकों की खासी भीड़ उमड़ी और पूरे मैच में रोमांच बना रहा। प्रतियोगिता का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख लीला बिष्ट ने पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बाद उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। टॉस जीतकर शौकियाथल की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरतोला की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 111 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शौकियाथल की टीम ने अंतिम ओवर में मुकाबला अपने नाम कर लिया। ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्रियांशु को मैन ऑफ द मैच चुना गया। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता को ट्रॉफी के साथ 51 हजार रुपये की नकद राशि दी जाएगी। हर मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी दिया जाएगा, जबकि पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को एलईडी टीवी, इलेक्ट्रिक केतली और क्रिकेट बैट सहित अन्य पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

## पंचम होली महोत्सव 19 फरवरी को

हल्द्वानी /सारथी फाउंडेशन समिति के अध्यक्ष नवीन पन्त ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंचम होली महोत्सव 19 फरवरी को मां जगदम्बा बैंकेट हॉल नियर शिव मंदिर उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के सामने समय प्रात: 11:30 बजे से प्रारंभ किया जाएगा,संस्था के द्वारा बताया गया कि होली महोत्सव में कुमाऊंनी सांस्कृतिक होली गायन वादन सहित संदेशात्मक होली महिलाओं की टीमों द्वारा की जाएगी साथ ही साथ सांस्कृतिक सुंदर प्रस्तुतियां अन्य स्थानीय अतिथि कलाकारों द्वारा होली महोत्सव में होगी, कार्यक्रम में प्रतिभागियों के नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं, संस्था के सचिव ज्ञानेंद्र जोशी ने जानकारी देते हुए बताया है कि होली में मुख्य आकर्षण फूलों वाली होली हैं जिसको लेकर संस्था द्वारा तैयारियां की जा रही है, साथ ही साथ होली महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को सारथी फाउंडेशन समिति द्वारा सभी को सम्मानित कर पुरूस्कार दिया जाएगा जिसका संस्था ने निर्णय लिया है,

## अवैध हथियारों का जखीरा बरामद

हल्द्वानी संवाददाता./ बनभूलपुरा क्षेत्र में पुलिस ने ऑपरेशन क्रैक डाउन अभियान के दौरान एक घर से अवैध हथियारों का जखीरा बरामद कर 60 वर्षीय मोबिन खान को गिरफ्तार किया है। बरामदगी में 315 बोर और 12 बोर के दो तमंचे, कुल 17 कारतूस तथा ।ज्ञ-47 में प्रयुक्त 7.62 मिमी का एक कारतूस शामिल है।कार्रवाई नैनीताल पुलिस के 'ऑपरेशन क्रैकडाउन' के तहत की गई। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टी.सी. के निर्देश पर, एसपी हल्द्वानी मनोज कत्याल और क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में बनभूलपुरा पुलिस ने मुखबिर सूचना पर छापेमारी की। तलाशी में हथियार अलमारी के ऊपर छिपाकर रखे मिले। पुलिस के अनुसार, आरोपी पूर्व में पॉक्सो



अधिनियम से जुड़े मामले में सजा पा चुका है और शिक्षा विभाग से बर्खास्त है। परिवारजनों ने बताया कि वह हथियार दिखाकर उन्हें डराता-धमकाता था। छापेमारी के दौरान उसने आत्मघाती कदम उठाने की कोशिश की, जिसे समय रहते रोक लिया गया। उसकी मानसिक स्थिति की भी जांच कराई जा रही है।आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। बरामद असलहों के स्रोत की जांच जारी है। पुलिस ने आमजन से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल देने की अपील की है, ताकि कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखी जा सके।

## युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी

लालकुआं संवाददाता. पंतनगर से देर शाम ड्यूटी कर लौट रहे बिंदुखत्ता निवासी युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की नगला बाईपास के समीप मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, उक्त घटना से जहां परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं क्षेत्र में शोक की



लहर व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत देर शाम पंतनगर के भीतर कैंटीन में कार्य करने वाले बिंदुखत्ता सुभाष नगर निवासी भुवन जोशी उम्र 42 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे, जैसे ही वह नगला बाईपास के समीप पहुंचे थे तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें वह सड़क के किनारे बेसुध होकर गिर गए, और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई, यह खबर राहगीरो ने पंतनगर पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने युवक के शव को मोर्चरी पहुंचाया तथा आज दोपहर को उनका पोस्टमार्टम तथा चित्र शिलाघाट रानीबाग में अंतिम संस्कार किया गया। मृतक भुवन जोशी अपने पीछे भरा पूरा परिवार जिसमें दो पुत्र और पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गए हैं

## जिला विकास प्राधिकरण के विरोध में गांधी पार्क में सर्वदलीय संघर्ष समिति का प्रदर्शन

अल्मोड़ा संवाददाता. जिला विकास प्राधिकरण के विरोध में सर्वदलीय संघर्ष समिति की ओर से गांधी पार्क, चौघानपाटा में विरोध प्रदर्शन किया गया। मंगलवार को प्रदर्शन में शामिल लोगों ने सरकार पर जनता विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि लंबे समय से लागू जिला विकास प्राधिकरण व्यवस्था के कारण आम लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वक्ताओं ने कहा कि जमीन और मकान के नक्शे पास कराने की प्रक्रिया जटिल और लंबी हो गई है, जिससे लोगों का समय और धन दोनों व्यर्थ हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता की समस्याओं और हितों की अनदेखी कर रही है, जिसके चलते आम नागरिक लगातार तनाव और असुविधा से गुजर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक सरकार इस जनविरोधी योजना को वापस नहीं लेती, तब तक सर्वदलीय संघर्ष समिति इसका विरोध जारी रखेगी।

# एक्ट्रेस मुक्ति मोहन का नया मंत्र: लोगों से अप्रूवल लेने की जरूरत नहीं, बस जिंदगी जियो

शॉर्ट फिल्म ब्लड ब्रदर्स से अभिनय की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री मुक्ति मोहन सोशल मीडिया पर अपनी मौजूदगी से फैंस के दिलों में खास पहचान रखती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वे एक वॉइस ओवर के साथ लिपसिंक करती दिख रही हैं, एक ही तो जिंदगी मिली है।इसमें लोगों को अच्छा बनने का कोई अप्रूवल नहीं दिखा सकती हूं। अच्छा इंसान बनने में कुछ नहीं रखा है। वीडियो में उनका अंदाज बिल्कुल सच्चा और बेबाक है। वे कैमरे की तरफ देखकर सीधे दिल की बात कह रही हैं। बता दें कि यह वॉइस ओवर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। मुक्ति और कई अन्य कलाकार और सोशल मीडिया यूजर्स इस पर वीडियो बनाकर ट्रेंड का हिस्सा बन रहे हैं।मुक्ति अक्सर अपनी बहनों के साथ डांस के वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। फैंस को अभिनेत्री का ये वीडियो काफी पसंद आ रहा है। वे कमेंट सेक्शन पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। मुक्ति मोहन की बात करें तो वे डांसर होने के साथ-साथ वेब सीरीज व टीवी शोज में अभिनय भी करती हैं। उन्होंने साहिब बीवी और गैंगस्टर, हेट स्टोरी, और कांची: द अनब्रेकेबल जैसे कई प्रोजेक्ट्स पर काम किया है।उन्होंने करियर की शुरुआत में 2007 में शॉर्ट फिल्म ब्लड ब्रर्स से अभिनय की शुरुआत की और जरा नचके दिखा (2010) जीतकर रियलिटी शो में पहचान बनाई और झलक दिखला जा सीजन 6 (2013) में भी भाग लिया। मुक्ति मोहन बड़े पर्दे पर भी अपनी काबिलियत का परचम फहरा चुकी हैं। उन्होंने अब तक साहेब बीवी और गैंगस्टर, मुरान, दारुवु, हेट स्टोरी, टोपीवाला, कांची: द अनब्रेकेबल, बॉर्न फ्री, दिल है हिंदुस्तानी: द मूवी, और थार आदि फिल्मों में अदाकारी की है। मुक्ति मोहन कोरियोग्राफर शक्ति मोहन और गायिका नीति मोहन की बहन हैं।

# स्ट्राइप ड्रेस में निमरत कौर का स्टाइलिश लुक

अभिनेत्री निमरत कौर ने अपना लेटेस्ट लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया हैं। इस नए लुक में निमरत कौर स्ट्राइप वन पी ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। निमरत कौर ने सिजलिंग लुक में कई शानदार पोज दिए। निमरत का यह लुक उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा हैं। इस लुक के साथ निमरत ने कैप्शन में लिखा स्ट्राइप पोज।निमरत कौर (जन्म 13 मार्च 1982) एक प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री हैं, जो विशेष रूप से द लंचबॉक्स और एयरलिफ्ट जैसी फिल्मों के लिए जानी जाती हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने प्रिंट मॉडल के रूप में करियर शुरू किया और फिर थिएटर के माध्यम से बॉलीवुड में पहचान बनाई। हाल ही में, वह अभिषेक बच्चन के साथ डेटिंग की अफवाहों के कारण सुर्खियों में थीं, जिन्हें खारिज किया गया है।





# दूसरे दिन शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो का बॉक्स ऑफिस पर कमाल, इन फिल्मों को छोड़ा पीछे

**विशाल भारद्वाज की फिल्म ओ रोमियो 13 फरवरी को रिलीज हुई. फिल्म में शाहिद कपूर लीड रोल में हैं. वहीं तृप्ति डिमरी फीमेल लीड रोल में हैं. इस फिल्म को फैंस और क्रिटिक्स से शानदार रिव्यूज मिले. दूसरे दिन भी फिल्म की कमाई में ग्रोथ दिखी. फिल्म ने 10 करोड़ से ज्यादा की कमाई की. आइए जानते हैं ओ रोमियो का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन.सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने दूसरे दिन यानी शनिवार को 12.25 करोड़ की कमाई की. फिल्म के दूसरे दिन के कलेक्शन के ऑफिशियल आंकड़े आने अभी बाकी हैं. पर अगर फिल्म ने दूसरे दिन 12.25 करोड़ का कलेक्शन किया है तो फिल्म का टोटल कलेक्शन 20. 75 करोड़ हो गया है.ओ रोमियो ने पहले दिन 8.50 करोड़ का बिजनेस किया था. फिल्म को दूसरे दिन मॉर्निंग शोज में 10.24 परसेंट, दोपहर के शोज में 22.13 परसेंट, शाम के शोज में 26.79 परसेंट और रात के शोज में 33.87 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. दूसरे दिन अच्छी कमाई के बावजूद फिल्म अपनी बड़ी हिट कबीर सिंह का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाई है. कबीर सिंह ने रिलीज के दो दिन में 22.71 करोड़ का कलेक्शन किया था.ओ रोमियो ने इसी के साथ 2026 में रिलीज हुई फिल्म हैप्पी पटेल, राहु केतू, वध 2, भाबीजी घर पर हैं, तू या मैं जैसी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है. हैप्पी पटेल ने लाइफ टाइम 6.2 करोड़ का कलेक्शन किया था. वहीं राहु केतू ने 6.37 करोड़, भाबीजी घर पर हैं ने 1.37 करोड़, तू या मैं ने दो दिन में 2 करोड़ का कलेक्शन किया.ओ रोमियो की बात करें तो फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, फरीदा जलाल और नाना पाटेकर जैसे स्टार्स हैं. फिल्म की कहानी काफी इमोशनल है. शाहिद कपूर को जबरदस्त एक्शन करते हुए भी देखा जाएगा.सनी देओल की बॉर्डर 2 की बात करें तो फिल्म ने शनिवार को 1.90 करोड़ का कलेक्शन किया है. फिल्म का टोटल कलेक्शन 320.45 करोड़ हो गया है. इस फिल्म को अनुराग सिंह ने डायरेक्ट किया है. फिल्म में सनी देओल के अलावा वरुण धवन, अहान शेट्टी, दिलजीत दोसांझ जैसे स्टार्स लीड रोल में हैं.वहीं फिल्म में रानी मुखर्जी लीड रोल में हैं. मर्दानी 3 ने शनिवार को 1. 65 करोड़ का कलेक्शन किया. मर्दानी 3 का टोटल कलेक्शन 43.15 करोड़ हो गया है.**

# धुरंधर ने रचा इतिहास, बनी भारत की सबसे लंबी ट्रेंड करने वाली फिल्म,छावा, पुष्पा 2, जवान को छोड़ा पीछे

आदित्य धर की धुरंधर को थिएटर में रिलीज हुए दो महीने से ज्यादा हो गए हैं। रणवीर सिंह की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े हैं और यह अब तक की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म बन गई है। यह शानदार कमाई जबरदस्त वर्ड ऑफ माउथ की वजह से मुमकिन हुई, जिससे धुरंधर हर हफ्ते इंडियन बॉक्स ऑफिस पर नंबर वन फिल्म बनी रही। यह फिल्म रिलीज होने के बाद से ही ऑनलाइन टिकटिंग प्लेटफॉर्म बुकमायशो पर ट्रेंड कर रही है। असल में यह अब प्लेटफॉर्म पर सबसे लंबे समय तक ट्रेंड करने वाली इंडियन फिल्म है।सैकनिल्क के मुताबिक, फरवरी के बीच तक धुरंधर बुकमायशो पर 59 दिनों तक ट्रेंड कर रही थी, जिसने 2025 की शुरुआत में विक्की कौशल की फिल्म छावा के 58 दिनों के ऑल-टाइम रिकॉर्ड को पार कर लिया। दोनों फिल्में काफी हद तक वर्ड ऑफ माउथ पर निर्भर थीं और दूसरे और तीसरे हफ्ते में बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ दिए, जिससे टॉप भारतीय फिल्मों की तुलना में थिएटर में ज्यादा समय तक टिकीं। स्त्री 2 वर्ड ऑफ माउथ से चलने वाली एक और ब्लॉकबस्टर है, जो 57 दिनों के साथ तीसरे स्थान पर है।बुकमायशो के मुताबिक, ज्यादातर फिल्मों की टिकट बिक्री का आधा हिस्सा प्लेटफॉर्म पर होता है। प्लेटफॉर्म पर सबसे लंबे समय तक ट्रेंड करने वाली टॉप दस फिल्मों की लिस्ट में हाल की बॉलीवुड ब्लॉकबस्टर और मलयालम की हिट फिल्में भी शामिल हैं।आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी धुरंधर एक स्पाई थ्रिलर है, जिसमें रणवीर सिंह लीड रोल में हैं। साथ ही इसमें अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और संजय दत्त भी हैं। फिल्म को ज्यादातर पॉजिटिव रिव्यू मिले और यह बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही। फिल्म ने दुनिया भर में 1300 करोड़ की कमाई की है, जिसमें भारत में रिकॉर्ड 800 से ज्यादा करोड़ शामिल हैं, जो किसी भी हिंदी फिल्म के लिए सबसे ज्यादा है। इसका सीक्वल, जिसका नाम धुरंधर: द रिवेंज है। वो 19 मार्च को रिलीज होने वाला है, जो पार्ट 1 के मुश्किल से तीन महीने बाद आ रही है। सीक्वल में मुख्य कलाकार अपने रोल फिर से करेंगे।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# आवास सचिव डॉ. कुमार की अध्यक्षता में हुई उत्तराखण्ड ई0-बी0आर0टी0एस0 की विभिन्न परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक



## - आईएसबीटी-मसूरी डायवर्जन कॉरिडोर का स्थलीय निरीक्षण

देहरादून संवाददाता. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों के क्रम में प्रदेश की शहरी परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुगम और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में उत्तराखण्ड ई0-बी0आर0टी0एस0 की विभिन्न परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें देहरादून और हरिद्वार सहित ऋषिकेश क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं की प्रगति पर गंभीर मंथन हुआ। बैठक में उत्तराखण्ड मैट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक बृजेश कुमार मिश्रा सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति का प्रस्तुतीकरण किया। सचिव ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार शहरी ट्रांसपोर्ट सिस्टम को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।त्रिवेणी घाट-नीलकंठ रोपवे को मिली अहम स्वीकृतिः  बैठक में जानकारी दी गई कि त्रिवेणी घाट से नीलकंठ मंदिर तक प्रस्तावित रोपवे परियोजना को आवश्यक एनओसी/अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। निगम द्वारा स्टेज-1 फॉरेस्ट क्लीयरेंस हेतु आवेदन भी कर दिया गया है। यह परियोजना न केवल श्रद्धालुओं की सुविधा बढ़ाएगी बल्कि पर्वतीय यातायात दबाव को कम करने में भी सहायक होगी। सचिव ने 30 वर्ष के कंसेशन पीरियड को भविष्य की परियोजनाओं में बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार करने के निर्देश दिए, ताकि निजी निवेश आकर्षित किया जा सके और परियोजना की वित्तीय व्यवहार्यता मजबूत हो।हरिद्वार में इंटीग्रेटेड रोपवे और पी0आर0टी0 सिस्टमः हरिद्वार शहर में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड रोपवे परियोजना (डी0डी0यू0 पार्किंग-चण्डी देवी-मनसा देवी एवं मल्टीमॉडल हब) की डी0एफ0सी कराये जाने हेतु अनुरोध बैठक में किया गया। सचिव ने 18.02.2026 की तिथि डी0एफ0सी प्रक्रिया के लिए निर्धारित करते हुए निर्देश दिया कि परियोजना की फिजिबिलिटी रिपोर्ट को पी0पी0पी0 सेल से वेटिंग कराया जाए। हरिद्वार शहर में पी0आर0टी परियोजना के अंतर्गत चार कॉरिडोर प्रस्तावित हैं-

1- सीतापुर से भारत माता मंदिर2- सिटी अस्पताल से दक्ष मंदिर3- लालतारा चौक से भूपतवाला4- गणेशपुरम से डीएवी पब्लिक स्कूलइस परियोजना में 21 स्टेशन प्रस्तावित हैं तथा कुल लंबाई 20.73 किमी होगी। यह योजना विशेष रूप से तीर्थ सीजन के दौरान यातायात प्रबंधन में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है।  देहरादून में ई-बीआरटीएस- 31.52 किमी का मेगा कॉरिडोरः  देहरादून शहर में प्रस्तावित ई-बी0आर0टी0एस0 परियोजना के अंतर्गत दो कॉरिडोर प्रस्तावित हैं। प्रथम कॉरिडोर आईएसबीटी से रायपुर तक होगा, जिसमें 35 स्टेशन प्रस्तावित हैं और कुल लंबाई 31.52 किमी होगी। बैठक के उपरांत सचिव ने निगम अधिकारियों के साथ प्रथम कॉरिडोर का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण भी किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजधानी की बढ़ती आबादी और ट्रैफिक दबाव को देखते हुए इस परियोजना को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कॉरिडोर शहर के मुख्य आवागमन मार्गों को कवर करेगा और सार्वजनिक परिवहन को नई दिशा देगा।देहरादून पी0आर0टी0 के तीन कॉरिडोर देहरादून में पी0आर0टी0 परियोजना के अंतर्गत तीन प्रमुख कॉरिडोर प्रस्तावित हैं-1- क्लेमेंटटाउन से बल्लूपुर चौक2- पंडितवाड़ी से रेलवे स्टेशन3- गांधी पार्क से आईएसबीटी पार्कनिगम द्वारा इन कॉरिडोर की डीपीआर तैयार कर अनुमोदन के अनुरूप कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया गया। सचिव ने निर्देश दिया कि परियोजना को ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट मॉडल से जोड़ा जाए, जिससे शहरी विस्तार सुनियोजित ढंग से हो सके।

17 स्टेशन का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण :  बैठक के उपरांत सचिव द्वारा निगम के अधिकारियों के साथ प्रथम कॉरिडोर (आईएसबीटी से मसूरी डायवर्जन, कुल 17 स्टेशन) का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रस्तावित आईएसबीटी स्टेशन की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई, जिसमें अवगत कराया गया कि स्टेशन निर्माण हेतु 0.64 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता होगी। संबंधित भूमि का स्वामित्व मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के अधीन है। इस पर प्रबंध निदेशक ने परियोजना में शामिल विभिन्न शासकीय भूमि को शीघ्र निगम को हस्तांतरित किए जाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया, ताकि निर्माण कार्य समयबद्ध रूप से प्रारंभ हो सके। पार्किंग पॉलिसी और समन्वित विकास पर जोरः  बैठक में सचिव ने उत्तराखण्ड की कार पार्किंग पॉलिसी-2022 का गहन अध्ययन कर भविष्य की सभी शहरी परिवहन परियोजनाओं में समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उनका मानना है कि बिना पार्किंग प्रबंधन के कोई भी ट्रांजिट सिस्टम प्रभावी नहीं हो सकता। सचिव ने यह भी स्पष्ट किया कि त्रिवेणी-नीलकंठ रोपवे और हरिद्वार रोपवे परियोजनाएं एडवांस स्टेज में हैं, इसलिए इन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र क्रियान्वित किया जाए। बैठक में उत्तराखण्ड मैट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक बृजेश कुमार मिश्रा, निदेशक (वित्त) संजीव मेहता, महाप्रबंधक (सिविल) संजय जी0 पाठक, संयुक्त महाप्रबंधक (एचआर) कृष्णा नन्द शर्मा, संयुक्त महाप्रबंधक (एस0एण्ड0टी0) अजय बाबू, संयुक्त महाप्रबंधक (विद्युत) सौरभ शेखर, संयुक्त महाप्रबंधक (सिविल) जयनन्दन सिन्हा, उप-महाप्रबंधक (सिविल) गुरूलाल सिंह, सेक्शन इंजीनियर सर्वेश कुमार तथा सेक्शन इंजीनियर अशोक डोभाल उपस्थित रहे।

# लॉ यूनिवर्सिटी की भूमि अन्य को आवंटित किए जाने पर भड़के क्षेत्रवासी

ऋषिकेश संवाददाता. लिस्ट्राबाद ग्राम पंचायत में प्रस्तावित विधि विश्वविद्यालय की भूमि को अन्य परियोजना के लिए आवंटित किए जाने पर क्षेत्रवासियों ने कड़ी नाराजगी जताई है। इसके विरोध में क्षेत्रवासियों ने मंगलवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। डोईवाला अंतर्गत लिस्ट्राबाद ग्राम पंचायत में आयोजित धरने को संबोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा गढ़वाल सहसंयोजक अरुण शर्मा ने कहा कि यह भूमि पूरी तरह से राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की है। इसे किसी और को सौंपना न केवल अनुचित है, बल्कि कानून और संविधान के खिलाफ भी है। क्षेत्र के युवाओं के भविष्य के लिए यह विवि अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मार्च 2019 में पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने भट्ट नगरी रानीपोखरी में इसका शिलान्यास किया था। हम किसी भी कीमत पर इस भूमि को सुरक्षित रखेंगे और सरकार से कड़ा कदम उठाने की मांग करते हैं। अगर हमारी बात नहीं मानी गई तो आंदोलन और व्यापक रूप लेगा। धरना स्थल पर पहुंचे ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी ने कहा कि इस आंदोलन का पूरा समर्थन हैं। विश्वविद्यालय की भूमि को सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। यह केवल आज की पीढ़ी के लिए नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए भी जरूरी है। प्रशासन को तुरंत कदम उठाना चाहिए। ग्राम प्रधान अनिल कुमार ने कहा कि यह धरना सिर्फ आज की पीढ़ी की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के शिक्षा के अधिकार की लड़ाई है। हम किसी भी हालत में इस भूमि को किसी और को नहीं देने देंगे।

# मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम बना जनसेवा का प्रभावी मॉडल

देहरादून संवाददाता. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम प्रदेश में सुशासन और सेवा वितरण का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। इस अभिनव पहल के माध्यम से सरकार स्वयं जनता के द्वार पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित कर रही है। दिनांक 17 फरवरी 2026 तक प्रदेश के सभी 13 जनपदों में कुल 648 कैंप आयोजित किए जा चुके हैं। आज विभिन्न जनपदों में 10 कैंप आयोजित किए गए। अब तक इन कैंपों में कुल 5,12,767 नागरिकों ने प्रतिभाग कर अपनी समस्याएं दर्ज कराई हैं, जबकि आज आयोजित कैंपों में 15,660 नागरिकों ने सहभागिता की। यह आंकड़े इस बात के प्रमाण हैं कि कार्यक्रम को प्रदेशभर में व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। अब तक 32,841 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र जारी करने हेतु 70,243 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। अन्य योजनाओं से लाभान्वित किए गए व्यक्तियों की संख्या भी 2,85,738 तक पहुंच चुकी है, जो सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जनपदवार प्रगति पर दृष्टि डालें तो अल्मोड़ा, बागेश्वर, चम्पावत, पिथौरागढ़, नैनीताल, ऊधम सिंह नगर, हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, चमोली एवं उत्तरकाशी सहित सभी जिलों में व्यापक स्तर पर कैंप आयोजित कर नागरिकों को लाभान्वित किया गया है। विशेष रूप से हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, देहरादून एवं पौड़ी जैसे जनपदों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान कराया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करना है।

स्वामी, प्रकाशक एवम मुद्रक संजीव पंत द्वारा 19.सी, सुभाष रोड, पैसेफिक होटल के पीछे डूंगा हाउस देहरादून से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन्स डी-2, शिवलोक कालोनी लाडपुर, ब्लॉक रायपुर काली मन्दिर के पास, देहरादून से मुद्रित। सम्पादक - संजीव पंत , फोन नं0- 0135-2712118 , प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , **आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/33537 email:** jokhimdehradun2006@gmail.com

ताज़ातरीन खबरों व सही जानकारी के साथ समाचार को विस्तार से पढ़नें के लिए लागआन करें हमारा newsportal:. jokhimnews.com